कार्यालय अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर

पत्र सं0: 1310 / शैक्षिक / पंजी0 / 2020–21 दिनांक: 19 / 08 / 2020

:: कार्यालय ज्ञाप ::

शैक्षिक सत्र 2020–21 के विषम संख्यक सेमेस्टर में समस्त बी0टेक0 / एम0सी0ए0 / एम0टेक0 एवं पी0एच0डी0 (पूर्णकालिक / अंशकालिक) छात्र / छात्राऐं, जिनका परीक्षाफल घोषित हो चुका है, का पंजीयन दिनांक 21.08.2020 से 25.08.2020 तक ऑनलाइन होना प्रस्तावित है। शैक्षिक सत्र 2020–21 के लिये समस्त छात्र / छात्राओं को ऑनलाइन पंजीयन कर निर्धारित वार्षिक शुल्क को ऑनलाइन (केवल डेबिड कार्ड / क्रेडिट कार्ड एवं नेट बैंकिंग) के माध्यम से जमा करना सुनिश्चित करेंगें।

उपरोक्त छात्रों को निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय खुलने के उपरान्त छात्र एक फोटोग्राफ एवं जमा की गयी शुल्क की प्राप्ति रसीद की एक प्रति के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर शैक्षिक कार्यालय में बने चार्ट पर अपना पंजीयन कराकर पंजीयन कार्ड (Registration Card) लेना सुनिश्चित करें, जिसके उपरान्त पंजीयन कार्ड निर्गत किया जाना सम्भव नहीं होगा। **निर्धारित तिथि अगस्त 21 से 25, 2020 के उपरान्त पंजीकरण दस कार्य दिवसों (दिनांक 04 सितम्बर, 2020) तक रू0 100/– प्रति कार्य दिवस विलम्ब शुल्क के साथ ही स्वीकार किया जायेगा। शैक्षिक सत्र 2020–21 के विषम संख्यक सेमेस्टर में पंजीयन की कार्यवाही अन्तिम रूप से दिनांक 04 सितम्बर, 2020 तक सम्पन्न की जायेगी तदोपरान्त किसी भी दशा में पंजीयन अनुमन्य नहीं होगा। नियत तिथि तक पंजीयन न करा सकने से उत्पन्न होने वाली विषम स्थिति का उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र का होगा।**

शैक्षिक सत्र 2020–21 के विषम संख्यक सेमेस्टर का अध्ययन / अध्यापन कार्य दिनांक 17.08.2020 से प्रारम्भ होगा। छात्र भिज्ञ हों कि विश्वविद्यालय के सम्बन्धित परिनियमों के अनुसार 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। विशेष परिस्थितियों में ही उपस्थिति में छात्र को 15 प्रतिशत की शिथिलता अनुमन्य है।

अतः छात्रों से अपेक्षा है कि वह अपने स्वयं के हित में सत्र के प्रारम्भ से ही अपनी कक्षाओं में नियमित रहें क्यों कि **वांछित उपस्थिति न होने की स्थिति में छात्र को क्लास टेस्ट / सत्रान्त परीक्षाओं से वंचित कर दिया जायेगा** एवं इस हेतु छात्र ही पूर्णरूप से उत्तरदायी होगा।

अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप